राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री मिश्र से पैरालंपिक श्री देवेन्द्र झाझड़िया ने मुलाकात की

जयपुर, 6 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में पैरालंपिक में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले और हाल ही में मारकेच सिटी में विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में रजत पदक जीतने वाले श्री देवेन्द्र झांझड़िया ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने उन्हें उनकी खेल उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए सराहना की। फोटो–1

–

## राज्यपाल से राज्य मंत्री श्री सुखराम विश्नोई ने की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 6 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में श्रम, कारखाना एवं बॉयलर्स विभाग राज्य मंत्री श्री सुखराम विश्नोई ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। फोटो–2

–

## संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दुबे ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 6 अक्टूबर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र से जगद्गुरू रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने मुलाकात की। कुलपति नियुक्त होने के बाद उनकी कुलाधिपति श्री मिश्र से यह पहली शिष्टाचार भेंट थी। फोटो–3

–